recommendations as this Officer may make with regard to the all-India Services will be considered by Government.

Singareni Collieries

1601. **Shri T. B. Vittal Rao:** Will the Minister of **Steel, Mines and Fuel** be pleased to state:

(a) whether the Singareni Collieries Company have asked for grant from the Coal Board for undertaking stowing in their mines;

(b) if so, whether it has been sanctioned, and

(c) what is the amount?

The Minister of Steel, Mines and Fuel (Sardar Swaran Singh): (a) No.

(b) and (c). Do not arise.

हिमाचल प्रदेश में पिछड़े वर्गों का कल्याण

१६०२. **श्री नेक राम** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष १९५७–५८ में हिमाचल प्रदेश में आदिमजाति क्षेत्रों के विकास पर खर्च करने के लिये कितनी धन राशि नियत की गई है;

(ख) वह किन किन मदों पर अब तक खर्च की जा चुकी है; और

(ग) वर्ष १९५७–५८ के बजट में हिमाचल प्रदेश में पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिये कितनी धन राशि रखी गई है, किन किन मदों पर वह खर्च की जायेगी, और उस में कितनी धन राशि अब तक खर्च की जा चुकी है ?

गृह-कार्य उप मंत्री (श्रीमती अल्वा) : (क) हिमाचल प्रदेश के चीनी और पंगी क्षेत्रों के विकास के लिये १९५७–५८ में ८.१५ लाख रुपये की रकम नियत की गई है ।

(ख) उपरोक्त रकम में से १९१८.०६ रुपये नीचे दिये गये मदों पर पहली अप्रैल, १९५७ से ३१ जुलाई, १९५७ तक खर्च हुए :—

(१) बेसिक स्कूलों की स्थापना ६४४.१९ रुपये

(२) बाहर के इलाकों में तीन दवाखाने खोलना ८२२.३१ रुपये

(३) प्रोजेक्टर तथा जनरेटर का रख–रखाव ४५१.५६ रुपये

(ग) इस के लिये बजट में ३.५३ लाख रुपये की व्यवस्था की गई थी जो 'शिक्षा', 'पशुपालन', 'चरागाहों की उन्नति', 'पीने के पानी की रसद' , 'गृह-निर्माण', 'ग्राम्य विकास में लगी स्वयं सेवक संस्थाओं को सहायता', 'कुटीर उद्योग और कोआपरेटिव संस्थाओं' तथा अन्य विविध योजनाओं पर खर्च की जायेगी । इन पर अभी तक खर्च की गई रकम की सूचना हिमाचल प्रदेश प्रशासन से मंगाई गई है और प्राप्त होते ही वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

हिमाचल प्रदेश में आदिम जाति तथा पिछड़े वर्गों के छात्र

१६०३. **श्री नेक राम** : क्या शिक्षा और वैज्ञानिक गवेषणा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिमाचल प्रदेश में आदिम जाति क्षेत्रों और पिछड़े वर्गों के छात्रों को छात्र-वृत्तियां दी जाती हैं; और

(ख) यदि हां, तो छात्रवृत्तियों के रूप में कितनी धन-राशि दी गई और इस वर्ष अब तक कितने छात्रों को ये छात्रवृत्तियां दी जा चुकी हैं ?

शिक्षा और वैज्ञानिक गवेषणा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) : (क) और (ख). इस सम्बन्ध में सूचना इकट्ठी की जा रही है और यथाशीघ्र सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।